आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– दो हजार उन्तीस तक प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार।
- महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वालों की संख्या पहुंची उन्सठ करोड़ इकतीस लाख के पार। छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि के अन्तिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों की मुख्य सचिव और डीजीपी ने की समीक्षा।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बनारस रेल इंजन कारखाना में राष्ट्र को समर्पित किया विद्युत रेल इंजन। नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह और अमृत कानन सामुदायिक पार्क का भी किया उद्‌घाटन।
- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा काशी तमिल संगमम में हुए शामिल। कहा– दो संस्कृतियों का मिलन है संगमम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन कल सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

***उत्तर प्रदेश की स्पोटिंग सेल को आज देश ओर दुनिया देख रही है। महाकुंभ के इस आयोजन के समय हम जोड़कर देखते है। अकेले महाकुंभ का का आयोजन देश की इकोनामी में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की ग्रोथ करने वाला है। संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश पिछले 8 वर्ष से डबल इंजन की सरकार के प्रयास से इसकी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और 29 में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी बनेगा और देश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा।***

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों में न तो पर्याप्त चिकित्सक हैं और न ही दवाएं हैं। इसके जवाब में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुए हैं।

उधर, विधान परिषद में उच्च शिक्षा मंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित मुद्दों को लेकर सदन को तथ्यों से अवगत कराया, जबकि विपक्ष ने शून्य प्रहर में बेरोजगारी का मुद्‌दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कल देर शाम उन्सठ करोड़ इकतीस लाख के पार पहुंच गयी। पवित्र संगम में कल देर शाम तक एक करोड़ अट्ठाइस लाख लोग आस्था की डुबकी लगा चुके थे। महाकुंभ में विशिष्ट लोगों का आना भी निरंतर जारी है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी पवित्र स्नान किया। श्री सरमा ने संवाददाताओं से कहा कि पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाना एक सौभाग्य है और वे इस अवसर के लिए आभारी हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी पवित्र संगम में स्नान किया और पूजा–अर्चना की। पवित्र स्नान करने के बाद केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल ने महाकुंभ के अंतरराष्ट्रीय महत्व पर बल दिया और कहा कि विदेश से आए लोगों ने भी यहां डुबकी लगाकर अपनी आस्था प्रकट की है।***

***यहां पर आस्था के साथ और विश्वास के साथ संगम में डुबकी लगा रहे है। यही बताता है कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी साहब का जो नमामि गंगे का प्रोजेक्ट कितना सफल हुआ है। माननीय यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी जी और सभी मत्री यहा पर काम करने वाले सभी का अभिनन्दन करूंगा।***

***महाकुंभ में आज प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा पवित्र संगम में डुबकी लगाएंगे और पूजा–अर्चना करेंगे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी होंगे। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने भी कल प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। प्रदेश के सभी जेलों में कल से कैदियों को संगम के पवित्र जल से स्नान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने आदर्श कारागार लखनऊ से कल इसकी शुरूआत की।

**********

प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आगामी छब्बीस फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने कल महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव ने बताया कि अंतिम स्नान और वीकेंड के लिये बेहतर यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुंभ के दौरान अफवाहों पर नियंत्रण के लिए लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है।

***लोगों के आवागमन को सुचारू रूप से बेहतर बनाया जा सके इसका प्रयास किया जा रहा है। हम लोगों ने जो हो इस तरह के है उस पर तीन एफआईआर किये है और कुल मिलाकर करके भ्रामक समाचार फैलाने के संबंध में लगभग 50 से अधिक एफआईआर किये हैं।***

**********

दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ विश्वास, संस्कृति और आध्यात्मिकता का संगम है। महाकुंभ में कुंभवाणी केन्द्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुंभवाणी इस दिव्य आयोजन के संदेश को सभी लोगों तक पहुंचाने का विश्वसनीय माध्यम है।

**********

महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यूपी बोर्ड ने प्रयागराज में चौबीस फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। प्रदेश सरकार के माध्यमिक शिक्षा अनुभाग के संयुक्त सचिव अशोक कुमार द्वारा जारी नोटिस के अनुसार यह परीक्षाएं अब नौ मार्च को होंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा का कार्यक्रम केवल प्रयागराज जिले के लिए संशोधित किया गया है। शेष जिलों में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी।

**********

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल वाराणसी स्थित बनारस रेल इंजन कारखाना में निर्मित विद्युत रेल इंजन–डब्ल्यू ए पी–सात को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित किया। एक रिपोर्ट–

***वित्त मंत्री ने बरेका द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक का निर्मित 375वां लोकोमोटिव राष्ट्र को समर्पित किया और स्वयं ड्राइवर कैब में बैठ कर इसकी तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली। इसके पूर्व, वित्त मंत्री ने नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह एवं अमृत कानन सामुदायिक पार्क का भी उद्घाटन किया। मनीष आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

वित्त मंत्री द्वारा देश को समर्पित विद्युत रेल इंजन की क्षमता छः हजार हार्स पावर और गति एक सौ चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा है। इसे सभी प्रकार की यात्री, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को खींचने के लिये डिजाइन किया गया है।

**********

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा कल वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम दो संस्कृतियों का मिलन है।

***तमिलनाडु का तमिल भाषा का तमिल संस्कृति का काशी से बहुत पुराना संबंध है और हमको वो पुराना संबंध अनेको अनेक उदाहरण के साथ देखने को मिलता है। ऐसे दो संस्कृतियों का मिलन हैं एक भारत श्रेष्ठ भारत अनेका में एकता विविधता में एकता इस मंत्र को सूत्रपात्र करते हुए जो प्रधानमंत्री जी ने इस कार्यक्रम को चलाया है और यह तृतीय संगमम हो रहा है।***

इससे पहले श्री नड्डा ने बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। केन्द्रीय मंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन भी किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कडी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी की जाएगी।

**********